भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.3270
23.03.2022 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड निधि के अंतर्गत व्यय

3270. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जन प्रतिनिधियों द्वारा आधारशिला रखने और पट्टिकाओं आदि पर खर्च की गई धनराशि एमपीलैड या सरकारी व्यय के मद में आती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आधारशिला रखने और पट्टिकाओं पर उत्कीर्णन आदि पर राज्य-वार कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ग) उक्त व्यय किस मद में शामिल है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त निधि को अन्य विकास कार्यों में लगाने के लिए कोई कदम उठाया है/उठाने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) जी नहीं । एमपीलैड्स दिशानिर्देशों के अनुसार, जन प्रतिनिधियों द्वारा आधारशिला रखने और पट्टिकाओं आदि के लिए निधियां उपगत करने की अनुमति नहीं है ।

(ख), (ग), (घ), (ड.) और (च): प्रश्न नहीं उठता है ।

******